दिनांकः 28.02.2026 समय : 01:00 पी.एम.

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
प्रादेशिक समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज अजमेर से प्रदेश के लिए 16 हजार 680 करोड़ रुपये से अधिक की 43 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इनमें पेयजल, सिंचाई, विद्युत, अक्षय ऊर्जा और सड़क परियाजनाओं सहित बांदीकुई से जयपुर तक 4–लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे समेत कई अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं शामिल हैं। इसके अलावा, जयपुर के सांगानेर में तथा जोधपुर शहर के लिए महत्वपूर्ण एलीवेटेड रोड का शिलान्यास और सभी के लिए सुरक्षित और स्वच्छ पेयजल सुनिश्चित करने के लिए नोनेरा प्रमुख पेयजल परियोजना के चार पैकेजों और परवान अकावद वृहद् पेयजल परियोजना के पांच पैकेजों की आधारशिला भी शामिल हैं।
इससे पहले प्रधानमंत्री ने अजमेर से ही 14 वर्ष तक की आयु की बालिकाओं के लिए राष्ट्रव्यापी ह्यूमन पैपिलोमा वायरस–एच.पी.वी. टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री की उपस्थिति में पांच बालिकाओं को एचपीवी वैक्सीन लगाई गई। बाद में श्री मोदी ने बालिकाओं से संवाद भी किया।
समारोह में प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार के विभिन्न विभागों में चयनित 21 हजार 800 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित किये। श्री मोदी ने मंच पर दो युवाओं को अपने हाथों से नियुक्ति पत्र सौंपे।
कायड़ विश्राम स्थली पर आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने राज्य सरकार के दो साल के कार्यकाल और उपलब्धियों पर संतोष जताया। श्री मोदी ने विश्वास दिलाया कि डबल इंजन की सरकार, विकास के नये पथ पर जनता की सेवा में और भी तेजी के साथ अपना कर्तव्य पूरा करेगी।

....

प्रधानमंत्री ने हाल ही सम्पन्न अपनी इस्राइल यात्रा के दौरान हाइफा युद्ध में प्रदेश के रण बांकुरे दलपत सिंह के योगदान को याद करते हुए इसे पूरे देश के लिए गर्व की अनुभूति बताया। प्रधानमंत्री ने पिछले दिनों सम्पन्न इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट को देश के लिए गर्व का विषय बताया वहीं कांग्रेस द्वारा किये गये अशोभनीय प्रदर्शन की आलोचना करते हुए कई आरोप लगाये। समारोह में इससे पहले, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनकी सरकार द्वारा बीते दो वर्षों के दौरान किये गये कार्य और उपलब्धियां गिनाईं।

....

000

राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के तीन शहरों माउंट आबू, जहाजपुर और कामां के नाम बदलने की घोषणा के बाद विभिन्न संगठनों और जनप्रतिनिधियों में उत्साह का माहौल है। माउंट आबू को आबूराज के नाम से नई पहचान मिलने पर क्षेत्र के लोगों ने मिठाई खिलाकर और आतिशबाजी कर खुशी जाहिर की। इसी तरह भीलवाड़ा के जहाजपुर को अब यज्ञपुर नाम मिलने पर आमजन के साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने मुख्यमंत्री का आभार जताया। स्थानीय विधायक गोपीचंद मीणा ने बताया कि कस्बे का नाम बदलने को लेकर पिछले दिनों नगरपालिका बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव पारित कर राज्य सरकार को भिजवाया गया था।

000

होली का त्यौहार नजदीक आने के साथ ही दूषित और मिलावटी खाद्य पदार्थ के खिलाफ खाद्य और सुरक्षा विभाग ने कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में शुद्ध आहार–मिलावट पर वार के तहत सलूम्बर में कल करीब 400 किलो अवधि पार और दूषित खाद्य पदार्थ जब्त कर नष्ट किये गये। विभाग ने कई दुकानों से खाने की सामग्री के नमूने लेकर जांच के लिए भेजे। इस बीच, होली के त्यौहार पर प्राकृतिक रंगों तथा गुलाल के उपयोग को लेकर लोगों में जागरुकता देखी जा रही है।

000